
## खबर संक्षेप



### जुआ खेल रहे 11 जुआरियों को दबोचा

**कटनी।** कोतवाली और माधवनगर पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर 11 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से नकद राशि और ताश के पत्ते बरामद कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने लाल ग्राउंड में दबिश दी। यहां पैसों की हार-जीत का दांव खेल रहे पप्पू भाई मो. जावेद, नीरज तिवारी, विक्रम रैकवार और ओमप्रकाश को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। जुआरियों से एवं फड़ से 550 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। माधवनगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने आम के पेड़ के नीचे बैठकर जुआ खेल रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। जुआरियों में अमर सिंह 29 वर्ष, संजू चौहान 24 वर्ष और सुरेंद्र लुनिया 40 वर्ष शामिल है। जुआरियों के पास से 310 रुपये नकद और ताश की गड्डी बरामद हुई। इसी तरह ग्राम बिचुआ में भी जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। यहाँ बुजुर्ग विष्णु कोल और रवि कोल को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया तथा 220 रुपये नकद जब्त किए गए।

### श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ 19 मार्च से

**उमरियापान।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर पोंडी खुर्द के बाजार मैदान में भैरव बाबा के पास श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ होकर 25 मार्च तक चलेगा। कथा का वाचन ओंकारेश्वर से आध्यात्म विज्ञान शाला के संचालक स्वामी उमाशंकर चैतन्य द्वारा किया जाएगा। वे श्रीमद्भागवत कथा के साथ-साथ श्रीमद्भगवद्गीता के 18 अध्यायों का विस्तृत निरूपण करेंगे। कथा में सर्वागयोग, रामायण, महाभारत, वेद और पुराणों के समन्वित प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करेंगे। आयोजनकर्ताओं ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में पहुँचकर धर्म लाभ लेने कहा है।

### चुनाव के मद्देनजर प्रेक्षक ने किया रीठी का निरीक्षण

**कटनी।** मंगलवार को होने वाले जनपद पंचायत रीठी के अध्यक्ष पद के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु सोमवार को मप्र निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सेवानिवृत्त राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रकाश व्यास ने जनपद पंचायद रीठी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चुनाव सम्बन्धी सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, मुख्य कार्यापालन अधिकारी राजेश नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने कहा गोदामों में स्टॉक का करें औचक निरीक्षण, गड़बड़ी पर करें सख्त कार्यवाही

# जमाखोरी व कालाबाजारी पर कार्यवाही, संयुक्त जांच दल ने 22 घरेलू गैस सिलेण्डर किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नागरिकों के बीच सकारात्मक माहौल बनाएं और सूचना-तंत्र मजबूत कर रसोई गैस सिलेंडर की अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। गोदामों और उपलब्ध स्टॉक का औचक निरीक्षण करें और गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने दो टूक लहजे में कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गैस एजेंसियों के संचालकों, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की अपने स्तर पर प्रतिदिन की स्थिति की समीक्षा करें। एजेंसियों, विक्रेताओं और गोदामों की जांच करें। सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त गैस सिलेंडर वितरण से संबंधित शिकायतों का हितग्राही उपभोक्ता से संवाद कर उनका प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि यदि कहीं एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था में अनियमितता, जमाखोरी और कालाबाजारी की शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए।



कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गैस एजेंसियों से घरेलू एवं वाणिज्यिक सिलेण्डरों की औसत स्टॉक और बुकिंग की जानकारी लें। पोर्टल में ई-केवाईसी, ऑनलाईन बुकिंग आदि की जानकारी लें। साथ ही एजेंसी संचालकों से जानकारी लें कि पिछले 3 दिनों में कितने सिलेण्डरों की होम डिलीवरी की गई है। उपभोक्ताओं से भी फीडबैक लें कि गैस का मूल्य अधिक तो नहीं लिया जा रहा, होम डिलीवरी हो रही है या नहीं।

#### माधवनगर क्षेत्र में कार्रवाई

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सोमवार को संयुक्त जांच दल ने औचक निरीक्षण कर माधवनगर गेट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रखे गए 22 गैस सिलेंडरों को जब्त किया। संयुक्त जांच दल को माधवनगर गेट के समीप स्थित सूरज बालानी के मकान में अवैध रूप से गैस सिलेंडर भंडारित किए जाने की सूचना मिलने पर जांच दल ने उनके परिसर में संचालित दो दुकानों की जांच की। जांच के दौरान परिसर में कुल 22 घरेलू (14.2 किलोग्राम) गैस सिलेंडर अनाधिकृत रूप से भंडारित पाए गए।

कार्रवाई के दौरान विभिन्न गैस कंपनियों के सिलेंडर जब्त किए गए। जिनमें एचपीसीएल के 5 भरे और 1 खाली सिलेंडर, आईओसीएल के 6 खाली सिलेंडर तथा बीपीसीएल के 10 खाली सिलेंडर शामिल हैं। जांच के दौरान सूरज बालानी ने बताया कि वे घर से ही इलेक्ट्रॉनिक तौल-कांटे के माध्यम से सिलेंडरों में गैस तौलकर अन्य लोगों को देते थे।

इस पर सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री पियूष कुमार शुक्ल द्वारा मौके से 22 घरेलू गैस सिलेंडर और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल-कांटा जब्त किया गया। सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से जब्त सामग्री को अशोक गैस एजेंसी के संचालक संदीप यादव की सुपुर्दगी में रखा गया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री शुक्ल ने बताया कि सूरज बालानी के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रकरण तैयार कर न्यायालय कलेक्टर कटनी में प्रस्तुत किया जाएगा।

संयुक्त जांच दल में नायब तहसीलदार संदीप सिंह, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष कुमार शुक्ल तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी शामिल रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी गैस के अवैध भंडारण और कालाबाजारी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### अलग अलग स्थानों से देशी एवं कच्ची शराब जब्त

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए देशी एवं कच्ची शराब जब्त की है। माधवनगर, बड़वारा और एन.के.जे. थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 6 शराब तस्करों को दबोचा है। जानकारी के अनुसार बड़वारा पुलिस ने ग्राम नन्हवारा सेझा में चंद्रभान भुमिया 43 वर्ष को पकड़ा। उसके पास से 10 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। इसी तरह भजिया दादर में सड़क किनारे शराब बेच रहे मनोज यादव 35 वर्ष को दबोचा। आरोपी के पास से 15 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई। सुनारी मोड़ में जितेंद्र सिंह 28 वर्ष को 15 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। मिशन चौक पर अवैध रूप से लोगों को शराब पिला रहे आशीष बर्मन 18 वर्ष को पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से शराब और डिस्पोजल गिलास बरामद किए हैं। इसी तरह माधवनगर पुलिस ने ग्राम भिटौनी झिंझरी में दबिश देकर प्रहलाद लुनिया 25 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 5 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद हुई है, उधर एन.के.जे. पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पी रहे दीपक विश्वकर्मा 29 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

*गर्मियों के मौसम में हर वर्ष सैकड़ों एकड़ की फसल हो जाती है स्वाहा*

## बहोरीबंद के 192 गाँवों के लिए नही है दमकल की व्यवस्था, आग लगने पर फसल हो जाती है खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

ग्रीष्मकालीन समय शुरू होने वाला है। खेतो में रबी सीजन की प्रमुख फसल गेंहू पकने को तैयार है। पखवाड़े भर में गेंहू की फसल की भी कटाई का कार्य शुरू हो जाएगा। वही कुछ क्षेत्रों में रबी सीजन की चना,मसूर, सरसो फसल पककर तैयार हो चुकी है तो कटाई का कार्य भी शुरू हो गया है। बहोरीबंद ब्लॉक के 192 गाँवो में आग लगने की घटना के दौरान उस पर काबू पाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय मैं दमकल वाहन नही है।जिला मुख्यालय से जब तक वाहन पहुँचता है।तब तक फसल जलकर खाक हो चुकी होती है। बहोरीबंद ब्लॉक में दमकल वाहन न होने से हर साल किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और नुकसान उठाना पड़ता है।

बहोरीबंद अनुभाग में दो तहसील स्लीमनाबाद व बहोरीबंद है जिनमे 192 गांव आते है। इनमें से कई गांव जिला मुख्यालय से 65-से 70 किलोमीटर की दूरी पर है।दोनों तहसील मुख्यालयों मैं आग बुझाने के लिए फायर ब्रिग्रेड वाहन उपलब्ध नही है।

स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय में दमकल वाहन का स्थाई ठहराव गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो माह के लिए हो इसको लेकर आवाज उठने लगी है।जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों की मांग है कि स्लीमनाबाद में दमकल वाहन के स्थाई स्टॉपेज से बहोरीबंद व ढीमरखेड़ा दोनो विकासखण्डों में आगजनी की घटना पर समय रहते दमकल वाहन पहुँच जाएगा। जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी का कहना है कि स्लीमनाबाद मैं दमकल वाहन का स्थाई स्टॉपेज हो इसके लिए कलेक्टर से भेंटकर मांग की जाएगी।



#### इनका कहना है

विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि स्लीमनाबाद में दमकल वाहन का गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन समय मैं फायर बिग्रेड का स्थायी ठहराव हो जिससे बहोरीबंद व ढीमरखेड़ा विकासखण्ड में आगजनी घटना पर नियंत्रण के लिए समय रहती सुविधा मिल जाएगी।कलेक्टर से इस संबंध मे स्लीमनाबाद दमकल वाहन स्टॉपेज की बात रखी जायेगी।

वहीं एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि बहोरीबंद अनुभाग में दमकल वाहन नही है यह मामला जानकारी मैं है।आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने स्लीमनाबाद में दमकल वाहन का स्थाई ठहराव हो इसके लिए कलेक्टर से चर्चा की जाएगी व दमकल वाहन व्यवस्था की बात रखी जायेगी।

### बकाया करों की वसूली के लिए लगाये जा रहे शिविर




वित्तीय वर्ष समाप्ति के शेष दिवसों में नागरिकों को आसानी से निगम के बकाया कर को जमा करने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर विशेष शिविरों का आयोजन अनवरत जारी है। सोमवार को नगर के दो स्थलों सुभाष चौक एवं परैनी स्थित कुठला थाना के सामने विशेष कर संग्रहण शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को निगम के बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा करने की सुविधा प्रदान की गई। राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार को भी नगर के दो स्थलों सुभाष चौक सहित जय हिंद चौक में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को उनके निगम के बकाया करों को जमा करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। इस दौरान शिविर स्थल में उपस्थित दल द्वारा नागरिकों की शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान भी किया जायेगा। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से आयोजित होने वाले शिविरों का उठाकर भविष्य में होने वाली परेशानी से बचने की अपील की गई है।

## 20 मार्च को पिपरिया बाकल में होगा वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया बाकल में 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अनावरण समारोह में मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा सहित अन्य नेता शिरकत करेंगे। सोमवार को जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह ने पिपरिया बाकल पहुंच कर अनावरण समारोह स्थल का व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने हैलीपेड, सभा स्थल और अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि ग्राम पिपरिया बाकल में 20 मार्च को आयोजित होने वाले वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी अनावरण समारोह में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी भोपाल से हैलीकॉप्टर द्वारा अपने निर्धारित समय 11 बजकर 45 मिनट पर प्रस्थान कर दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर पिपरिया बाकल पहुंचेंगे। इसके प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनावरण समारोह शामिल होने के बाद प्रदेश के बालाघाट जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर हैलीकॉप्टर द्वारा रवाना हो जाएंगे। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह द्वारा अनावरण समारोह के निरीक्षण के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल, विमल सिंघई, नीरज पटेल,आजाद पटेल मौजूद थे।



*वारदात को अंजाम देने की नीयत से घू रहे युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार*

## मोटर साइकिल सवार तीन युवकों को किया गिरफ्तार, चाकू व बका बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तीन हथियारबंद बदमाशों को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस के द्वारा क्षेत्र में नियमित वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान राम-जानकी मंदिर के सामने एक ही मोटरसाइकिल में सवार तीन युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस चेकिंग देखकर तीनों ने बाइक की रफ्तार बढ़ाकर निकलने का प्रयास किया। संदेह होने पर उन्हें सख्ती से रोका गया। तीनों ने भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों युवकों को पकड़ लिया। जब तीनों युवकों की तलाशी ली तो उनके पास से चाकू और बका बरामद किए गए। इसके बाद तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।



पुलिस द्वारा जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है उनमें मनसुख पारधी पिता नैनसुख पारधी 28 वर्ष निवासी ग्राम पटहरा थाना कुठला, शानदार पारधी पिता सलेन्द्र पारधी 48 वर्ष निवासी ग्राम बिरूहली थाना रीठी, हाल निवासी ग्राम परसवारा थाना शाहनगर जिला एवं राजबहादुर पारधी पिता कंदज पारधी 42 वर्ष निवासी ग्राम परसवारा जिला पन्ना से जब पुलिस ने कड़ी पूछताछ की तो यह जानकारी सामने आई कि तीनों आरोपी किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की फिराक में क्षेत्र में घूम रहे थे। पुलिस की तत्परता से उन्हें समय रहते गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से अवैध हथियार जब्त कर लिए गए।

कार्रवाई में थाना प्रभारी रीठी मोहम्मद शाहिद, एसआई विनोद पटेल, दिनेश चौहान, सहायक उप निरीक्षक सुशील प्रजापति, प्रधान आरक्षक अजय मेहरा, राम पाठक, आरक्षक शमशेर सिंह, आरक्षक नीतेश दुबे, आरक्षक आशुतोष, आरक्षक अमन, आरक्षक ज्ञानेंद्र, आरक्षक विजय और आरक्षक सौरभ का विशेष योगदान रहा।

### जन सरोकारों के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह बनें अधिकारी

## गर्मियों में पेयजल संकटग्रस्त ग्रामों में परिवहन कर पहुंचायें पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के निराकरण के प्रति अधिकारी संवेदनशील और जवाबदेह बनें। बिगड़े हैंडपंप की सूचना मिलते ही तत्काल सुधार कार्य करायें। गर्मियों के मद्देनजर जिन गांवों में पेयजल संकट की संभावना हो, वहां के ग्रामीणों को परिवहन कर पेयजल मुहैया कराया जाय। समय-सीमा बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी विभागों को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व बकाया बिजली के बिल का भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों को नगर निगम में सेवा प्रभार जमा करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को 18-20 मार्च तक देयकों को कोषालय प्रेषित करने के निर्देश दिए ताकि बजट लैप्स होने के पूर्व उनका भुगतान किया जा सके।



कलेक्टर ने उद्यानिकी, उद्योग, खनिज, स्कूल शिक्षा, सहकारिता, कृषि, पीडब्ल्यूडी, नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास, साईंस एण्ड टेक, श्रम, पीएचई, जल संसाधन, अनुसूचित जाति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, सामाजिक न्याय, उर्जा, परिवहन, खाद्य, वित्त विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा करते हुये तहसील विजयराघवगढ़ में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को बंद कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश सीएमएचओ को दिये।

#### जनगणना तैयारियों की समीक्षा

कलेक्टर ने अधिकारियों को जनगणना से संबंधित कार्यों को पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों को प्रगणक बनाने और ऑनलाईन नक्शा काटने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत सचिव, पटवारियों और ग्राम रोजगार सहायक से डोर -टू -डोर जाकर हाउस लिस्टिंग का कार्य संपादित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हाउसलिस्टिंग के साथ समग्र ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री, फौती व जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र आदि से संबंधित कार्य भी पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नगरीय निकायों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना में स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने उद्योग विभाग की पीएम विश्वकर्मा योजना में भी प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान सभी एसडीएम, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, आरटीओ संतोष पाल, सहायक आयुक्त आदिम जाति विमल चौरसिया, उप संचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जनहित से जुड़े विकास के मुद्दों न करें देरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार को निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित समय.सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिक योजनाओं, शासन के महत्वपूर्ण अभियानों तथा जनहित से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों राजस्व प्रकरणों, न्यायालयीन प्रकरणों तथा अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बैठक में बताया गया कि 19 मार्च से प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है जिसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा इस हेतु जल स्त्रोतों की सफाई, सार्वजनिक कुओं की मरम्मत सहित जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़ी आवश्यक रूपरेखा तैयार करते हुए अभी से सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश जलप्रदाय शाखा को दिए।

नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु के उद्देश्य से दैनिक सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त नगर निगम के नोडल अधिकारियों को रोजाना सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार लाने की कार्यवाही करें तथा प्रतिदिन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान निगमायुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को डेयरी संचालकों को नोटिस जारी करने तथा आवारा श्वानों पर पर नियंत्रण लगाने हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही करने की सख्त हिदायत दी।

नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने हेतु जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग पर पोल शिफ्टिंग का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रेमनगर बस्ती में चल रहे विद्युतीकरण के कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश निगमायुक्त ने विद्युत शाखा के अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास के मुद्दों में अनावश्यक लेटलतीफी स्वीकार नहीं की जायेगी।

बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर प्रकरणों के निराकरण में गति लाने, वर्कशाप की स्थापना, जन्म मृत्यु के प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने, अवैध कॉलोनी, फायर सेफ्टी के प्रकरणों पर निरंतर कार्यवाही जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

## खबर संक्षेप

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 मार्च को

**कटनी।** मांझी समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन आगामी 22 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक नगर निगम ऑडिटोरियम, बस स्टैंड के पास में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियां लगभग पूर्णताः की ओर है। मांझी समाज के जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया ने बताया कि आयोजन में कटनी के साथ ही जबलपुर, सतना, रीवा, दमोह, सागर, बीना, छतरपुर, टीकमगढ़, हटा, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, चिरमिरी सहित अन्य शहरों से बड़ी संख्या में स्वाजातीय बंधु शामिल होंगे और अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का मंच से परिचय कराकर इस पुण्य आयोजन के साक्षी बनेंगे। संरक्षक योगेश सोंधिया ने बताया कि परिचय सम्मेलन की तैयारियां पिछले करीब एक महीने से की जा रही थी। दो साल बाद होने जा रहे इस आयोजन को लेकर स्वाजातीय बंधुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला उपाध्यक्ष राजेश निषाद ने बताया कि 22 मार्च को आयोजित परिचय सम्मेलन में गुहराज निषादराज जी की जंयती धूमधाम से मनाई जाएगी।

### निषाद राज जयंती पर में निकलेगी शोभायात्रा

**उमरियापान।** भगवान श्रीराम के सखा भगवान गुहाराज निषाद राज की जयंती के अवसर पर 23 मार्च को उमरियापान में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन बर्मन, मांझी, ढीमर, केवट,निषाद, रैकवार समाज के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत पुरैनहा तालाब स्थित हनुमान मंदिर, सिद्ध बाबा से की जाएगी, जहां समाज के लोग एकत्रित होकर पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ करेंगे। आयोजनकर्ताओं ने समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान निषाद राज की जयंती को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने कहा है।

### विक्रमोत्सव का आयोजन 19 मार्च को होगा

**कटनी।** भारतीय नव वर्ष सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत के आरंभ और गुड़ी पड़वा के अवसर पर गुरूवार 19 मार्च को प्रातः 10 बजे बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में भव्य 'विक्रमोत्सव' मनाया जाएगा। इसके व्यवस्थित आयोजन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने इसके लिए एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने विक्रमोत्सव के आयोजन के लिए उपायुक्त नगर निगम शैलेष गुप्ता को नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी के तौर पर शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील बाजपेई और जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि को नियुक्त किया है। गुरूवार 19 मार्च को सुबह 10 बजे कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही प्रमुख मंदिरों और शासकीय भवनों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किया जाएगा और बस स्टैण्ड ऑडिटोरियम में नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन भी होगा। एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी ने नागरिकों से नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य को देखने बस स्टैण्ड ऑडिटोरियम में पहुंचने का लोगों से आग्रह किया है।

---

**बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत डिहुटा में निजी बोर से पानी भरने लग रही भीड़**

# दो साल से अधूरी पड़ी 1 करोड़ 28 लाख की योजना, पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण

**योजनाओं का समय से कार्य पूरा नहीं हो पाने के चलते कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मियों का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण अंचलों में पेयजल की मारामारी शुरू हो गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का क्रियान्वयन बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र में अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। इस योजना का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन कई गांवों में दो साल बीतने के बाद भी ग्रामीणों को नल से पानी नहीं मिल सका है।गर्मी शुरू हो गई है ऐसे में पानी की आवश्यकता बढ़ गई है। ऐसे में लोग एक एक गुम्बे पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं।

विकासखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डिहुटा में सामने आया है जहां सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत एक करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से योजना दो वर्ष बाद भी अपना मूर्तरूप नहीं ले पाई है। केवल पानी का ढांचा तैयार हो पाया है पूरे गांव में पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई नाली जस की तस पड़ी हुई है। गांव में जगह जगह पाइप लाइन बिखरी पड़ी हुई है जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। अभी तक पानी टंकी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। आंशिक रूप से पाइपलाइन भी बिछाई गई है लेकिन अभी तक समुचित जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। इसके उलट, जगह-जगह खुदी सड़कें समस्या का कारण बन गई हैं, जिससे घरों में लगे नल केवल शोपीस बनकर रह गए हैं।अभी तक गांव में भी अभी तक जलापूर्ति शुरू नहीं हुई है। इसी तरह पाइपलाइन का काम अधूरा है और पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। रविवार को एक निजी बोर में पानी भरने के लिए सुबह से महिलाएं अपने अपने गुम्बे लेकर पहुंच गई थी और एक एक गुम्बे पानी के लिए परेशान हो रही थी।



बताया जाता है कि इन दिनों यह स्थिति प्रतिदिन ऐसी बनी रहती है। खासकर सुबह-शाम लोग पीने के पानी के लिए परेशानियां उठा रहे हैं। गांव की नन्ही बाई झारिया, अंगूरी बाई पटेल, गुड्डी बाई सेन,आशा रजक, निराशा यादव,छंगो बाई, द्रोपती यादव और रैना बाई ने बताया कि शिकायत के बावजूद पानी टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है।उन्होंने बताया कि एक एक गुम्बे पानी के लिए सुबह से परेशान होना पड़ रहा है और आने वाले दिनों में तपती धूप और गर्मी में पेयजल की समस्या और विकराल हो जाएगी।वहीं दूसरी ओर विकासखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत अन्य ग्रामों में भी योजना के क्रियान्वयन की स्थिति ऐसी ही है, जहां काम अत्यंत धीमी गति से चल रहा है।इन सभी ग्रामों में ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में उपयंत्री पीएचई विभाग अनिल चुमल्के का कहना है कि संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया जाएगा कि योजना का कार्य यथा शीघ्र पूरा करें जिससे गांव में पानी की टंकी से आपूर्ति शुरू हो सकें जिसके बाद ग्रामवासियों को जलापूर्ति कराई जाएगी।साथ ही जो हैंडपम्प बंद पड़े है उनका सुधार कार्य कराया जायेगा।

---



# समिति सदस्यों को दिया गया क्षमतावृद्धि प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय त्रैमासिक क्षमतावृद्धि प्रशिक्षण ढीमरखेड़ा सेक्टर के शुक्ल पिपरिया ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में करौंदी, खंदवारा, परसेल, मुरवारी और पिपरिया शुक्ल की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने प्रस्फुटन समितियों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने समितियों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया के बारे में भी बताया।

ढीमरखेड़ा सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू ने जन अभियान परिषद की परिकल्पना तथा स्वैच्छिक संस्थाओं के गठन एवं प्रबंधन के संबंध में मार्गदर्शन दिया। परामर्शदाता अंकित झारिया ने समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवं उसके विभिन्न चरणों की जानकारी साझा की। वहीं समाजसेवी विपेंद्र नामदेव ने मृदा परीक्षण और जैविक कृषि के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्ति, जैविक खेती और श्रमदान जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति पिपरिया सहलावन द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त समिति सदस्यों एवं नवांकुर सखियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर सरपंच सुषमा उरमलिया, जनपद सदस्य एडवोकेट अटल बिहारी बाजपेयी, ब्रजभूषण बैरागी, रमेश उरमलिया, पंचायत सचिव दिलीप तंतुवाय मौजूद रहे।

---

*ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण*

# योजनाओं की दी जानकारी, प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी द्वारा सेक्टर तेवरी-05 के अंतर्गत गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत सभागार तेवरी में आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष बसंत जायसवाल द्वारा अतिथियों कमलेश जैन (जनपद सदस्य), अमित लकी अग्रहरी (पं. दीनदयाल अंत्योदय समिति सदस्य) एवं पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर (उन्नत कृषि मित्र) का स्वागत किया गया तथा उपस्थित सभी सम्माननीय जनों का परिचय कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए समितियों के त्रैमासिक कार्यों की समीक्षा भी की गई।



विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा—स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन—पर आधारित प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेरणास्रोत रविकांत राय एवं कोदूलाल हल्दकार ने समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर चर्चा करते हुए ग्राम पंचायत में बेसलाइन सर्वे कर गांव की छोटी-छोटी आवश्यकताओं एवं समस्याओं को पहचानकर आपसी सहयोग से समाधान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि पूर्वजों की तरह सामूहिक सहयोग से गांव का विकास संभव है।

कार्यक्रम में नरेश कुमार दहायत द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं नशा मुक्ति पर आधारित गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित उन्नत कृषक पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। परामर्शदाता विनोद सिंह द्वारा समितियों के दस्तावेजीकरण के महत्व पर गंभीरतापूर्वक प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों कमलेश जैन जनपद सदस्य एवं अमित लकी अग्रहरी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय में प्रतिभागियों को प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

---

**सामाजिक समरसता के रूप में मनाई गई काशीराम जयंती**



बड़वारा में भीम आर्मी के कार्यालय में बहुजन नायक काशीराम की 92 वी जयंती सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई। भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। काशीराम जी जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब में हुआ था। पंजाब के रोपड़ जिले में जन्मे कांशीराम जी ने डॉ भीमराव आंबेडकर के विचारों से प्रेरित होकर शोषित समाज में आत्मसम्मान और राजनीतिक चेतना जगाई। काशी राम कहा था बहुजन समाज को एक साथ रह कर सामाजिक परिवर्तन लाना होगा। समाज में हो रहे अनन्य के खिलाफ लड़ना होगा । सभी की मदद करनी होगी । बहुजन समाज में जन्मे सभी महापुरुषों के सिद्धान्ति को आत्मसात करना हिग। बच्चो को स्कूल भेज कर शिक्षित करने पर बल दिया गया। सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर जय सूर्यवंशी भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष ,नागेंद्र अहिरवार, कोषाध्यक्ष , प्रीतम , गुड्डू यादव, अंग्रेज सिंह, अनुज जाटव, रामखिलावन, सोनू साहू, रोशन रजक, राम पटेल, राजू चक्रवाती मौजूदगी रही ।

---

# युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अहम है परिचय सम्मेलन : विश्वकर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

श्री विश्वकर्मा महासंगठन मध्यप्रदेश द्वारा मानस भवन जबलपुर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 150 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया।

आयोजन में जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने भी शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे परिचय सम्मेलन समाज को संगठित करने के साथ ही नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे परिवारों को एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है और समाज में पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक सोच का समन्वय भी देखने को मिलता है। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा के पूजन, अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच पर कर युवक युवतियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता, व्यवसाय, पारिवारिक पृष्ठभूमि और जीवन लक्ष्य के बारे में परिचय दिया। आयोजन का उद्देश्य समाज के योग्य युवक युवतियों को एक मंच प्रदान करना और विवाह योग्य युवाओं के लिए उचित जीवनसाथी के चयन की प्रक्रिया को सरल बनाना रहा। इस अवसर पर कई जिलों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।




अंत में आयोजकों ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता और प्रगति के लिए निरंतर ऐसे आयोजन करते रहने का संकल्प लिया।

---

*विजयनाथ धाम प्रांगण में रोजगार, अप्रेंटिसशिप मेले का हुआ आयोजन*

# युवा संगम मेला में स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विजयधाम मेला प्रांगण बरही में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिंसशिप मेले (युवा संगम) का आयोजन कृषि मेले के साथ ही किया गया।

जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई कटनी के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 11 कम्पनियों से 1800 रिक्तियां प्राप्त हुई थी। मेले में 390 आवेदकों के द्वारा पंजीयन कराया गया जिसमें से सेफ इंटेलिजेंन्ट सिक्योरिटी सर्विस भिलाई द्वारा 75, भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 42, वर्धमान यार्न मंन्डीदीप द्वारा 13, प्रधानमत्री कैशल विकास केन्द्र द्वारा 45, अडानी स्किल डेवलपमेन्ट कैमोर द्वारा 39, विजन इंडिया लिमिटेड द्वारा 13, सांईकृपा फेसेलिटिज मेनेजमेन्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 60, ऑटोलाइन इंडस्ट्रीज अहमदाबाद द्वारा 24, पॉलीवांड इंडिया द्वारा 12, फूड मैनेजमेन्ट सद्रिस द्वारा 11 सहित कुल 334 आवदकों का प्राथमिक चयन किया गया। युवा संगम मेल में स्वरोजगार योजनाओं, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं बैंक से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई ।



युवा संगम मेले में आईटीआई बरही, विजराघवगढ़, कैमोर के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया एवं मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह, प्रबंधक संतोष शिवहरे द्वारा स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई।

#### महत्वता संबंधी दी जानकारी

मेले में आईटीआई के विकास कुमार गर्ग, मुकेश कुमार तिवारी एवं अनिल कुमार तिवारी द्वारा आईटीआई में संचालित योजनाओं एवं आईटीआई के महत्वता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से प्राचार्य नरेन्द्र बडखेडकर एवं अनुराग हर्ष द्वारा स्टार्टअप एवं एआई तथा तकनीकी शिक्षा के महत्वता के संबंध में एवं कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई।

---

**निगमायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा**

# सब्जी मंडी एवं गोल बाजार में गंदगी देख जताई नाराजगी, दरोगा निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में उत्कृष्ट रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार स्वयं सुबह तड़के सड़कों पर उतरकर व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। सोमवार को प्रातः बिलैया तलैया सब्जी मंडी, गोल बाजार, सुभाष चौक सहित नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों और मुख्य मार्गों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, हाजिरी प्रक्रिया तथा निर्धारित ड्रेस में कार्य करने की व्यवस्था की भी जानकारी ली और सभी कर्मचारियों को अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बिलैया तलैया सब्जी मंडी एवं गोल बाजार क्षेत्र की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए जब सफाई व्यवस्था अपेक्षित स्तर पर नहीं पाई गई तो निगमायुक्त ने संबंधित क्षेत्रीय वार्ड दरोगा पर नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर की स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।



#### गंदगी फैलाने वालों पर करें स्पॉट फाइन

स्वच्छता बनाए रखने के लिए निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों और वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित सुबह-शाम भ्रमण कर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों को चिन्हित करें और उन पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

#### मवेशियों पर भी कार्रवाई के निर्देश

बाजार क्षेत्रों में सुगम और सुरक्षित आवागमन बनाए रखने के लिए निगमायुक्त ने हाका गैंग के माध्यम से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

#### आयुक्त ने लोगों से किया संवाद

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से संवाद कर सफाई व्यवस्था के बारे में उनकी राय और सुझाव भी लिए। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि दुकानों और घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर न फेकें, बल्कि नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन को ही दें। साथ ही सब्जी मंडी के व्यवसायियों को भी निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने की समझाइश दी। निगमायुक्त ने नागरिकों को स्वच्छता संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम द्वारा शीघ्र ही कंट्रोल रूम स्थापित कर टोल फ्री नंबर भी जारी किए जाने की जानकारी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, प्रभारी हेड दरोगा तेजभान सिंह, अतुल गुप्ता सहित संबंधित क्षेत्रीय वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

---

# प्रस्फुटन समितियों को दिया क्षमतावर्धन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में नवांकुर योजनांर्तगत सेक्टर क्रमांक 04 बसाड़ी के अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम बेहडीकला, नन्हवारा खुर्द, कुम्हरवारा, परसवारा खुर्द, मिडरा से अंतर्गत गठित प्रस्फुटन समितियो के एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन जीवन विकास ट्रेंनिंग सेंटर बिजौरी में किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक रामकिशोर चौधरी द्वारा अतिथियों एवम् उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया गया। ब्लॉक समन्वयक नंदनी वाटिया के द्वारा जन अभियान परिषद् की नवांकुर योजना और प्रस्फुटन योजना की अवधारणा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समितियों की त्रैमासिक कार्यों की समीक्षा की गयी और समितियो के दस्तावेजीकरण पर गंभीरतापूर्वक प्रकाश डाला गया। इसके बाद आदर्श ग्राम बनाने प्रस्फुटन वाटिका का का निर्माण करना, संस्कार केंद्र खोलना, वाचनालय खोलने आदि पर विस्तृत चर्चा किया गया। मानव जीवन विकास समिति द्वारा तैयार डाक्यूमेंटरी फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया जिसमे समग्र विकास की अवधारणा निहित है फिल्म देखकर प्रतिभागी काफी उत्साहित नजर आये। मानव जीवन विकास समिति के जिला समन्वयक चंद्रपाल कुशवाहा के द्वारा समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवम् विभिन्न चरणों पर बात रखते हुए ग्राम की छोटी छोटी आवश्यकताओं एवं समस्याओ को खोजकर आपसी सहयोग से हल करने हेतु प्रेरित किया। कुम्हरवारा ग्राम पंचायत सरपंच वृंदावन पटेल द्वारा बताय गया की ग्राम के विकास में प्रस्फुटन समितियों के साथ हमारा भरपूर सहयोग रहता है, समिति सदस्यों द्वारा लगातार ग्राम विकास के मुद्दे पर काम किया जा रहा है।



कार्यक्रम के समापन में सभी प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधि एवं अतिथियो के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उपस्थितों का आभार व्यक्त कर समापन किया गया।

**खबर संक्षेप**

## नशामुक्त दमोह मैराथन दौड़ का आयोजन कल

**दमोह।** संस्था उन्मुक्त सर्व जन कल्याण समाज सेवी संस्था दमोह विगत कई वर्षों से नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य करती आ रही है। इसी कड़ी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में लगभग 8 माह से नुक्कड़ नाटक, केम्प के माध्यम से दमोह जिले के शहरी वार्ड एवं ग्राम पंचायतो में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा के रोकथाम के लिए कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है जिसमें हमारी संस्था दिनांक 18.03.2026 दिन बुधवार समय सुबह 10 बजे से नशामुक्त दमोह मैराथन दौड़ कलेक्ट्रेट परिसर से किल्लाई नाका सांदीपनि शासकीय विद्यालय मे समापन किया जायेगा। जिसमें आपकी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ आरंभ करे जिससे समाज में नशामुक्ति के प्रति एक अच्छा संदेश प्रदान किया जा सके। गरीमामयी उपस्थिति प्रदान करने की संस्था ने अपील की है।

## रंग रोगन की राह तक रहा तहसील कार्यालय

**पवई।** नगर मे संचालित होने मुख्य कार्यालय जहां एस डी एम तहसीलदार बैठते है प्रतिदिन सैकड़ो लोग अपने काम के लिए तहसील कार्यालय आते है भवन की हालत देख लोगो के मन मे यह ख्याल तो जरूर आता होगा कि अन्य शासकीय कार्यालयों रंग रोगन और स्पष्ट अक्षरों मे विभाग का अंकित रहता है लेकिन तहसील मुख्यालय जिस नाम से जाना जाता है वही कार्यालय भवन अनाथ जैसी हालत मे दिखाई दे रहा है भवन के बाजू मे लगी सरकार की योजनाओ की होडिंग भी देख रेख के आभाव मे छत विछित हो रही है । इससे जाहिर होता है कि तहसील कार्यालय मे बैठने वाले जिम्मेदार अधिकारी अपने कार्यालय के प्रति कितने सजग व जिम्मेदार होगे।

## रेलवे लाइन किनारे घायल मिला अधेड़

**कटनी।** बीना रेलखंड पर स्थित पटोरा रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति लहूलुहान और गंभीर हालत में मिला। रेलवे लाइन के किनारे अधमरी स्थिति में पड़े इस व्यक्ति को रेल कर्मचारियों और पुलिस की मदद से तत्काल रीठी के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे पटोरा रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात रेल कर्मचारियों की नजर रेलवे लाइन के समीप पड़े एक अधेड़ पर पड़ी। व्यक्ति की हालत बेहद चिंताजनक थी जिसे देखते हुए कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का जायजा लिया। घायल व्यक्ति को 108 एंबुलेंस की मदद से रीठी के शासकीय अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ डॉक्टरों की टीम उसका उपचार कर रही है। फिलहाल घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घायल व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### चार दिन पहले भी बंद हो गई थी सप्लाई, नगरवासियों ने कहा ऐसी योजना का क्या लाभ

# नर्मदा जल सप्लाई बार-बार हो रही बाधित, नागरिकों में बढ़ रही नाराज़गी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

नगर में गर्मी की शुरुआत होते ही पेयजल संकट गहराने लगा है। लगभग 45 किलोमीटर दूर लम्हेघाट जबलपुर से आई नर्मदा जल सप्लाई लगातार बाधित हो रही है, जिससे नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की गई इस महत्वाकांक्षी योजना से लोगों को स्थायी पेयजल सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत है। जानकारी के अनुसार नर्मदा जल परियोजना पर लगभग 33 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, ताकि नगरवासियों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। हालांकि वास्तविकता यह है कि आए दिन तकनीकी खराबियों के कारण जल सप्लाई रुक जाती है। वर्तमान में स्थिति यह है कि कई बार 48 घंटे में भी एक बार पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे



लोगों में आक्रोश और निराशा बढ़ती जा रही है। नगर के कई वार्डों में लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। कमल नारायण यादव पहलाद रैकवार रत्नेश जैन महेश कोटवार , सविता बाई का कहना है कि एक तरफ नगर परिषद की पुरानी जल लाइनें बंद पड़ी हैं, वहीं दूसरी ओर नर्मदा जल की नई व्यवस्था भी भरोसेमंद साबित नहीं हो पा रही है। गर्मी के शुरुआती दिनों में ही यह हाल है तो आने वाले महीनों में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।नगरवासियों का कहना है कि शासन द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई इस योजना का लाभ उन्हें अभी तक नहीं मिल पा रहा है। लोगों की मांग है कि प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए स्थायी समाधान निकाले, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें पानी के लिए परेशान न होना पड़े। फिलहाल नगर में पेयजल संकट की स्थिति बनी हुई है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जिम्मेदार विभाग जल्द ही इस समस्या का समाधान कर नियमित जल सप्लाई सुनिश्चित करेंगे इस संबंध में नर्मदा जल लाइन से जुड़े कर्मचारियों ने बताया कि मोटर जल जाने के कारण एक बार फिर जल सप्लाई बाधित हो गई है। कर्मचारियों के अनुसार तकनीकी समस्या के चलते मरम्मत कार्य किया जा रहा है, जिसके बाद ही सप्लाई सामान्य हो पाएगी। हालांकि लगातार मोटर खराब होने की घटनाओं ने परियोजना की गुणवत्ता और रखरखाव व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# तेंदूखेड़ा बस स्टैंड का यात्री प्रतीक्षालय बना शराबियों का अड्डा, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

नगर के बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 25 वर्ष पूर्व बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय की स्थिति आज बेहद खराब हो चुकी है। यात्रियों को धूप, गर्मी और बारिश से बचाने के उद्देश्य से बनाए गए इस प्रतीक्षालय का अब अपने मूल उद्देश्य से कोई संबंध नहीं रह गया है। देखरेख और रखरखाव के अभाव में यह स्थान धीरे-धीरे असामाजिक तत्वों और शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है, जिससे आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग तेजी सिंह बबलू और अन्य यात्रियों का कहना है कि बस स्टैंड स्थित इस प्रतीक्षालय में दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। कई बार यहाँ शराब पीकर हंगामा भी किया जाता है, जिसके कारण महिलाएं और परिवार यहाँ बैठने से कतराते हैं। परिणामस्वरूप महिलाएं और अन्य यात्री प्रतीक्षालय में बैठकर बसों का इंतजार करने के बजाय आसपास के होटलों या दुकानों के सामने खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हो जाते हैं। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच यात्रियों



को बसों का इंतजार करना पड़ता है, जबकि प्रतीक्षालय होने के बावजूद उसका लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इससे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रतीक्षालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी पूरी तरह से लचर नजर आती है। यहाँ आवारा पशुओं का भी जमावड़ा रहता है, जिनके कारण जगह-जगह गंदगी फैली रहती है। बदबू और अस्वच्छ वातावरण के कारण यात्रियों का वहाँ बैठना मुश्किल हो जाता है। लंबे समय से इस स्थिति में कोई सुधार नहीं होने से स्थानीय नागरिकों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है।बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए अन्य सुविधाओं का भी अभाव है। यहां यात्री प्रतीक्षालय तो बना है, लेकिन पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से यात्री इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उन्हें होटल और चाय-नाश्ते की दुकानों पर बैठकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा बस स्टैंड पर पर्याप्त जगह न होने के कारण बसों को सड़क पर खड़ा करना पड़ता है, जिससे कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं बस स्टैंड परिसर में मालवाहक वाहनों का भी कब्जा हो चुका है।

मालवाहक वाहनों के चालक और मालिक अपने वाहन यहाँ खड़े कर देते हैं, जिससे बसों को खड़ा होने के लिए जगह नहीं मिलती और उन्हें सड़क पर ही रुकना पड़ता है। नगर में प्रतिदिन लगभग 70 से 80 बसों का आना-जाना रहता है और इन बसों से रोजाना हजारों यात्री सफर करते हैं, लेकिन इसके बावजूद बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। नगरवासी रत्नेश, लखन यादव, कमल नारायण, गोविंद राय और राजू साहू का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा प्रतीक्षालय की नियमित सफाई, मरम्मत और निगरानी की व्यवस्था की जाए तथा बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया जाए, तो यात्रियों को काफी राहत मिल सकती है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण में बसों का इंतजार करने की सुविधा मिल सके।

# धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा देवी की जयंती

### देर रात्रि तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा जी की जयंती भव्य शोभायात्रा और भक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई गई।इस मौके पर शाम को भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे, आतिशबाजी, अश्वारोही, डीजे एवं सुंदर झांकियां के साथ निकाली गई।शोभा यात्रा नगर के पुलिस थाना प्रांगण,बस स्टैंड, हाई स्कूल चौराहा से होती हुई मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंची जहां पर भारी आतिशबाजी की गई। गर्मी का माहौल देखकर कई जगह जलपान, कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई,जिसे पीकर लोग आगे बढ़ते गए। शोभा यात्रा में सबसे आगे दो अश्वारोही और उनके पीछे डीजे पर



सवार नृत्य कर रहे भोले के भक्त कावड़ यात्रा मित्र समिति हटा के कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण का नित्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही रथ पर सवार भगवान शिव की झांकी एवं राधा कृष्ण और कर्मा देवी की सुंदर झांकियां अलग-अलग रथ पर सवार थी। यात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। यात्रा नन्ही माता प्रांगण पहुंची जहां पर सांस्कृतिक एवं सामाजिक सभा का कार्यक्रम किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। यहां पर नगर के साहू समाज के दसवीं एवं 12वीं कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में साहू समाज के अध्यक्ष कमल प्रसाद साहू, भूतपूर्व सैनिक ने कर्मा देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की माता कर्मा देवी ने विधि विधान के वजह अपने अटूट प्रेम से भगवान को समर्पित किया। उनकी बनाई खिचड़ी ने यह सिद्ध किया कि ईश्वर को भौतिक सुख सुविधाओं की नहीं केवल प्रेम और सच्ची श्रद्धा चाहिए। उनका जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियों में विशेष कर विपरीत समय में हमें ईमानदारी से कर्म परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कर्मा जयंती हमें एकजुट होकर रहने, समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और जरूरतमंदों की सेवा करने की प्रेरणा देती है। आज हम कर्मा माता के त्याग और समर्पण को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें और समाज व देश की प्रगति में अपना योगदान दें। अन्य वक्ताओं ने भी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी के जीवन संघर्ष एवं उनके संदेश पर अपनी अपनी बात रखी। अध्यक्ष कमल साहू के द्वारा 51 हजार रुपए की राशि धर्मशाला में कर्मा देवी मंदिर निर्माण के लिए दी। निमार्ण कार्य में सहयोग करने की समाज के सभी लोगों ने शपथ ली।कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप साहू एवं आभार प्रदर्शन हरिराम साहू के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, एम, पी, ई ,बी ,के डी ई एम. एल साहू, साहू समाज के उपाध्यक्ष रितिक साहू, अरविंद साहू, शारदा साहू, शिक्षक मुन्नालाल साहू, रमेश साहू, प्रिंस साहू, संतोष साहू सहित समस्त साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

# पूर्व क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

प्रदेश के समस्त बिजली कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण न होने के कारण मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा दिनांक 16.03.2026 को पूर्व क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ दमोह द्वारा भारतीय मजदूर संघ दमोह के सानिध्य में माननीय ऊर्जा मंत्री महोदय म.प्र.शासन को संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता(संचा/संधा) दमोह वृत को सौंपा गया। जिसमें प्रथम चरण में प्रदेश के समस्त जिलों में ऊर्जा विभाग की 06 कंपनियों के नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं के जल्द निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के अनुसार निराकरण न होन पर द्वितीय चरण के अनुसार माह अप्रैल में दिनांक 02.04.2026 को प्रदेश के समस्त जिलों में धरना प्रदर्शन किया जायेगा एवं तृतीय चरण में दिनांक माह अप्रैल में दिनांक 16.04.2026 को प्रदेश के समस्त जिलों के 06 कंपनियों के नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के द्वारा भोपाल में धरना प्रदर्शन एवं भोपाल स्थित निवास/कार्यालय में ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिसकी सूचना इस ज्ञापन के माध्यम से दी गयी।

इस ज्ञापन कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ सागर/दमोह के विभाग प्रमुख एडवोकेट धर्मेन्द्र चैबे, जिला मंत्री देवेन्द्र चैबे, जिला अध्यक्ष प्रवीण तिवारी एवं पूर्व क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ से जिला अध्यक्ष दिनेश राय, नरेश पाटकार, चंदन पटेरिया, इंद्रजीत डोडसिया, हेमंत पटेल, सचिन खरे, मुकेश रैकवार, दीपक सेन ,मनोहर अठया, ओम दुबे, तनुश्री जायसवाल, पूजा शर्मा, हसीना खान, संदीप पटेल, ललित पटेल, ऋषि विश्वकर्मा, आकाश सेन, अजय मिश्रा, आशीष गर्ग, आनंद लखेरा, कैलाश विश्वकर्मा, प्रेमलाल पटेल, दिलीप यादव, दीनू, नरेश सेन, राकेश तिवारी, अवधेश लोधी, अंकित जैन, अखिलेश खरे, रोहित पटेल, दिनेश पटेल, मयंक देवलिया, घनश्याम ठाकुर, वाजिद खान, संजय अहिरवार, नयन गोस्वामी, भगवान दास पटेल, दीपेन्द्र ठाकुर, गनेश पटेल, अजय सींग लोधी, रोशन चैरसिया, आमीन खान, मुख्तार खान, मुकेश कोरी, राजकुमार पटेल, अनिल पटेल, भानसु पटेल, हेमंत सोनी, अमित दुबे, कमलेश सिंह गौड़ सुरेन्द्र तिवारी, की उपस्थिति रही।

# नरसिंहगढ़ में धूमधाम से मनाई मां कर्मा जयंती






**दमोह।** ग्राम नरसिंहगढ़ में साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की जयंती के उपलक्ष में भव्य आयोजन किया गया। एक दिन पहले राम मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जो नरसिंहगढ़ के मुख्य मार्ग एवं बस स्टैंड से होते हुए स्टॉप कालोनी के राधा कृष्ण मंदिर से आरती दर्शन कर संपन्न हुई। धूमधाम से कलश यात्रा वापस गायत्री कुंज पहुंची। उसके पश्चात कलश पूजन एवं मां कर्मा देवी की के पूजन हुआ। इसके गुजरात से आए हुए आचार्य लक्षमन शास्त्री महाराज ने मां कर्मा देवी जी की जीवनी कथा एवं अन्य भक्तों साधु संतों की सत्संग प्रवचन सुनाये। मा कर्मा देवी गायत्री परिजन रूपनारायण विश्वकर्मा द्वारा जो शाम 7 बजे शनिवार को कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। 10 बजे रात्रि तक चलता रहा भक्ति गीत की प्रस्तुति आरती की कर सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम नरसिंहगढ़ प्रतिनिधि राजेंद्र बिदौलिया, रमेश मिश्रा, बलवंत सिंह ठाकुर, मुकुंद यादव रहे। रविवार को सुबह 10 बजे से पांच कुंडीयगायत्री यज्ञ होगा। एवं मां कर्मा देवी यज्ञ के तत्पश्चात मां कर्मा देवी की विस्तार से यज्ञ लक्ष्मण शास्त्री द्वारा कराया गया । यज्ञ में हर मंत्र के बारे में बताया गया। लगातार 2010 से 5 कुंडीय यज्ञ के माध्यम से नरसिंहगढ़ ग्राम में मां कर्मा जयंती समारोह मनाई जाती है। ग्राम नरसिंहगढ़ और आसपास के लगभग 10 से 15 गांव से साहू समाज यज्ञ में सम्मिलित होती है व यज्ञ करते हैं। इसी प्रकार इस बार सभी साहू समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यज्ञ को संपन्न कराने में शांतिकुंज से आए हुए महेश पचोरी और लक्ष्मण शास्त्री, अहमदाबाद गुजरात से रूपनारायण विश्वकर्मा, दुर्गा दास व्यास पटेरा जिन्होंने मां कर्मा के गीत और यज्ञ और धार्मिक गीतों के प्रस्तुति दी। यज्ञ मैं सभी को नशा मुक्त रहने का संकल्प दिलाया। खर्चीली शादियां बंद करने व बच्चों को संस्कारवान बनाने कीबात भी कही। इसके बाद आरती, भजन हुआ व सभी ने भंडारा पाया। क्षेत्र से आए हुए साहू समाज के सत्येंद्र साहू, गुड्डा साहू दमोह के साथ किशनगंज से सीता नगर, पिपरिया चंपत, फुटेरा कला, बटियागढ़, बकायन, लुकायन, निबोरा खेजरा, कल्याणपुर इन ग्रामों से काफी संख्या में साहू समाज पहुंची और यज्ञ किया भंडारा का प्रसाद पाया। जिसमें नरसिंहगढ़ जनपद सदस्य ललती संतोष मोदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था में नरसिंहगढ़ साहू समाज द्वारा संभाली गई जिसमें कार्यकर्ता संतोष मोदी, मनोहर साहू, हर प्रसाद साहू, जगदीश साहू, अतुल साहू, महेंद्र साहू, पप्पू साहू, गुड्डू साहू, रामेश्वर साहू, हल्ले साहू, आदि उपस्थित रहे।

### जी राम जी में मजदूरों की फोटो में गड़बड़ झाला जारी

# जनपद पंचायत में वृहद स्तर जारी है मस्टरों का फर्जी वाडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा की अधिकांश पंचायत में मनरेगा/जी राम जी में मजदूरों की फोटो में गड़बड़ झाला बनाम फर्जी बाडे का दौर जनपद में वृहद स्तर पर जारी है जिससे पंचायती राज की मूल धारणा से लेकर प्रदेश सरकार के मंसूबों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। वहीं प्रदेश के मुखिया मोहन यादव एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा ग्रामीणों का पलायन रुक कर उन्हें गांव में रोजगार उपलब्ध कराने की ग्रामीण विकास की अवधारणा को ठेंगा दिखाया जा रहा हैं। इस मामले में अब तू यह भी चर्चा हो रही है कि शायद मंजूरों को अपना रूप बदलने की शक्ति प्राप्त हो गई है तभी तो किसी के भी नाम पर किसी की भी फोटो लगाई जा रही है। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत की विभिन्न पंचायत में कार्यरत मजदूरों की वास्तविक




संख्या तथा मस्टरों में दर्ज संख्या में जमीन आसमान का अंतर नजर आ रहा है दिनांक 14 मार्च 2026 को जनपद पंचायत जबेरा में 1957 एवं दिनांक 15 मार्च 2026 को जनपद पंचायत स्तर पर कार्यरत मजदूरों की संख्या 1948 दर्शाई गई हैं । बताया जाता है कि उपरोक्त हालत लगातार उजागर होने की बावजूद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से लेकर जनपद पंचायत की सीईओ तक उपरोक्त गड़बड़ झाले को शायद गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है तभी तो ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच, सचिव, उप यंत्री,सहायक सचिव मिली भगत और साठ गांठ कर मजदूरों के हक पर डाका

# थाना प्रभारी ने गरीब महिला व बच्चों को बांटे राशन कपड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने असहाय महिला व उनके बच्चों की मदद की है। नगर की मुरली मनोहर वार्ड निवासी भीषण तंगी से जूझ रही महिला को राशन कपड़े व बच्चों के लिए कपड़े खिलौने भेंट कर पुलिस ने न केवल सुरक्षा बल्की सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचय दिया। थाना प्रभारी बेगी ने बताया कि आर्थिक तंगी के अभाव में महिला के पास खाने-पीने की भारी कमी थी मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ने निजी तौर पर राशन प्रदान किया एवं कपड़े अजय चौरसिया द्वारा प्रदान किए गए। पुलिस के इस मानवीय चेहरे की नगर के लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है यह पल पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करती है। नगर के लोग थाना प्रभारी को प्रेरणा स्त्रोत बता रहे हैं इसके पहले भी थाना प्रभारी हटा में अनेकों गरीब परिवारों की सहायता कर चुके हैं।

### जनगणना के पहले चरण में मकान की होगी गणना....

# जनगणना के प्रथम चरण हेतु मकान नंबर अंकित करने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

जनगणना का कार्य अतिमहत्वपूर्ण है, इसलिए जनगणना के लिए नियुक्त कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता के साथ करें। प्रथम चरण में मकानों के सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा प्रगणक घर-घर जाकर मकानों पर नंबर अंकित करें। जनगणना 2027 की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संपन्न होगी। यह बात हटा में जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण के लिए नियुक्त ग्रामीण क्षेत्र के पटवारी व सचिवों के एक दिवसीय आयोजित प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय मे तहसीलदार हटा एवं चार्ज अधिकारी डॉक्टर आलोक जैन ने कही उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जनगणना देश की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण डाटा प्रक्रिया है। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई से 30 मई तक किया जाएगा। यह कार्य गंभीरता और शुद्धता के साथ समय सीमा में



सम्पन्न कराना है, इसलिए सभी जनगणना से जुड़ी प्रक्रिया और जरूरी जानकारी भलीभांति समझ लें, जिससे जनगणना में किसी प्रकार की परेशानी या त्रुटि न हो। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि इस बार जनगणना कार्य में डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा हैं। आंकड़ों का संग्रह मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक गणना ब्लॉक की सीमा को जीपीएस तकनीक से कैप्चर किया जाएगा। समस्त कार्य की रियल टाइम मॉनिटरिंग (सीएमएमएस) पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर माधव पटेल द्वारा मकान नंबर अंकित करने की प्रक्रिया दिशा निर्धारण एवं उसमें रखी जाने वाली सावधानी के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही साथ गणना ब्लॉक नगरी नक्शा कैसे तैयार करना है ततसंबंध में पटवारियों को प्रशिक्षित किया गया आगामी 1 मई से 30 मई की अवधि में मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा। प्रशिक्षण में तहसीलदार राजेश सोनी निर्वाचन लिपिक आशीष सेन राजाराम गोस्वामी जितेंद्र जैन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## कृषकों को नीमच में दिलाया जाएगा प्रशिक्षण

**दमोह।** आत्मा योजनांतर्गत किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में दमोह जिले के किसानों को औषधीय फसलों की खेती एवं उनके विक्रय से संबंधित प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतु अपर कलेक्टर मीना मसराम, मनोज खरे, हेमंत पटेल, उपसंचालक कृषि जी.एल. अहिरवार, परियोजना संचालक आत्मा जे.एल. प्रजापति की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर कृषकों के दल को औषधीय फसलों के उत्पादन के गुर सीखने एवं उनकी मार्केटिंग हेतु नीमच भ्रमण एवं प्रशिक्षण हेतु कृषकों के दल को रवाना किया गया। ज्ञात हो कि कृषि उपज मंडी समिति नीमच एशिया की सबसे बड़ी औषधीय फसलों की मंडी है। परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग जिला दमोह द्वारा इस वर्ष किसानों को औषधि फसल अश्वगंधा को नवाचार के रूप में लिया गया था तथा किसानों को निशुल्क बीज वितरण किया गया था एवं अश्वगंधा की फसल उत्पादन हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया था।

## विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन 19 मार्च को प्रस्तावित

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा 19 मार्च 2026 दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे से पीएम श्री ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन प्रस्तावित है। विक्रमोत्सव 2026 के सफल आयोजन पूर्वावक में सूर्य उपासना कार्यक्रम, प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों पर महराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा उपलब्ध कराये गये ब्रहध्वज स्थापित किये जायेंगे। महराजा विक्रमादित्य की जीवनी पर आधारित नाट्य प्रस्तुति स्थानीय नाट्य विद्यालय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जायेगी। तत्संबंध में जिला कलेक्टर अनिल राठौर ने विक्रमोत्सव कार्यक्रम वर्ष 2026 की समस्त कार्यवाही किये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह प्रवीण फुलपगारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम संचालन एवं समन्वय हेतु तकनीकी सहायक जिला पंचायत दमोह प्रकाश गौतम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है साथ ही लेखापाल/सह लिपिक जन अभियान परिषद दमोह श्रीतेश जैन को कार्यक्रम विशेष सहयोग / मंचीय व्यवस्था हेतु नियुक्त किया गया है। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन कर समस्त कार्यवाहियां नोडल अधिकारी दमोह के निर्देशानुसार किया जाना सुनिश्चित करने एवं कार्यक्रम के संचालन उपरांत उक्ताशय का प्रतिवेदन संस्कृति शाखा को प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये।

## पुरुषोत्तम मास में होगा सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक

**दमोह।** स्थानीय श्री देव जटाशंकर मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर 17 मई से 15 जून तक दिव्य भव्य सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी के सम्बन्ध में आज मंदिर परिसर में एक बृहद बैठक संपन्न हुई मंदिर के पुजारी पंडित राजऋषि पाठक ने बताया कि समस्त भक्तों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है लगातार एक माह तक यह आयोजन चलेगा जिसमें उन्होंने समस्त भक्तों से सहयोग एवं उपस्थिति का आग्रह किया है।


## शांति समिति की बैठक आज

**दमोह।** आगामी पर्व चैत्र नवरात्रि, गुडी पड़वा, झूलेलाल जयंती, ईद-उल-फितर, रामनवमी, ज्वारे विसर्जन, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, अंबेडकर जयंती, बैसाखी, गुड फ्राइडे, परशुराम जयंती आदि पर कानून व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन आज 17 मार्च 2026 को शाम 04 बजे जिला कार्यालय (कलेक्ट्रेट) के सभाकक्ष में किया गया है। इस सबंध में अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सर्वसबंधितों को उपरोक्त बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया हैं।

# पुरानी हाउसिंग बोर्ड के रहवासी धूल खाने मजबूर, सड़क के हालत बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

नगर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन की नाकामी के कारण पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित विवेकानंद कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी, शिक्षक कॉलोनी, नेमीनगर कॉलोनी वासी धूल खाने मजबूर हैं। दमोह जबलपुर मुख्यमार्ग के पीडब्लूडी ऑफिस के सामने से सेल टैक्स ऑफिस, गैस गोदान, एस पी एम नगर, टाइम्स कॉलेज और उप संचालक पशु चिकित्सालय को जाने वाले मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग आवाजाही करते है परंतु शहर के मध्य में स्थित इस क्षेत्र के लोग बीसवीं सदी का जीवन बसर कर रहे हैं, यहां से गुजरने वालों लोगो को दिग्विजय सिंह के कार्यकाल की याद आ जाती हैं परंतु इस क्षेत्र से गुजरने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पार्षदों को कुछ भी नहीं दिखता और ऐसे लगता है कि वो सब अंधे हो चुके है। सिविल वार्ड नंबर 5,6 और 7 के अंतर्गत यह मार्ग कांग्रेस शासित नगर पालिका के सबसे बड़े वार्ड सिविल 6 सुभाष कॉलोनी को जोड़ता है और विडम्बना कहिए कि इन तीनों वार्ड से कांग्रेस के पार्षद जीते हैं पर



तीनों पार्षदों की आपसी खींचतान के चलते नहीं बन पा रहा है। बरसात के समय इस मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे की वजह से प्रतिदिन कई लोग गिरते और उछल कूद करते हुए गुजरते थे, जो इस मार्ग से सही सलामत निकल जाता हैं वो अपने आप को खुशकिस्मत महसूस करता है पर जो इस क्षेत्र में रह रहे हैं वो धूल और बहनों में लगने वाले ब्रेक की आवाज से परेशान हो रहे हैं। इस मार्ग के निर्माण के लिए कई बार समाजसेवियों ने कलेक्टर को अवगत कराया है पर पिछले एक डेढ़ साल में इस क्षेत्र में रहने वालों को सिर्फ धूल की खाना नसीब हुई।

# तीन पैरों और गुप्तांग के बिना जन्मा बछड़ा, गांव में बना कौतूहल का विषय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिग्रामपुर

जिले के ग्राम अलोनी में शनिवार सुबह एक अनोखी घटना सामने आई, जिसने पूरे गांव का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। यहां एक गाय ने ऐसे बछड़े को जन्म दिया है जिसके केवल तीन पैर हैं और उसमें गुप्तांग भी नहीं है। इस असामान्य जन्म के कारण गांव में लोगों की भीड़ बछड़े को देखने के लिए उमड़ रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम अलोनी निवासी राजू सिंह पिता प्रेम सिंह के घर शनिवार सुबह उनकी गाय ने बछड़े को जन्म दिया। जन्म के बाद जब ग्रामीणों ने बछड़े को देखा तो पता चला कि उसके तीन ही पैर हैं और गुप्तांग भी विकसित नहीं हुआ है। ग्राम निवासी आशीष ठाकुर और सचिन ने बताया कि इस तरह का मामला गांव में पहली बार देखने



को मिला है। जैसे ही यह खबर गांव में फैली, बड़ी संख्या में ग्रामीण बछड़े को देखने के लिए राजू सिंह के घर पहुंचने लगे। हालांकि बछड़ा देखने में काफी सुंदर और स्वस्थ नजर आ रहा है, लेकिन एक पैर और गुप्तांग के अभाव के कारण उसके भविष्य को लेकर पशुपालक और ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पशु चिकित्सकों द्वारा इसकी जांच की जाए तो स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

फिलहाल यह अनोखा बछड़ा पूरे गांव में चर्चा और कौतूहल का विषय बना हुआ है।

## फरार आरोपी छतरपुर से गिरफ्तार

**दमोह।** बटियागढ़ थाना की फुटेरा चौकी पुलिस ने आबकारी एक्ट में फरार आरोपी को छतरपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।



उक्त निर्देशों के पालन में दिनांक 26.09.25 को थाना बटियागढ़ में मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप से 40 पेटी अवैध शराब जप्त की गई थी जिस पर थाना बटियागढ़ में अपराध क्र. 314/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया था। जिसमें फरार आरोपी शिवम उर्फ शिवप्रताप सिंह परमार पिता राम सिंह परमार उम्र 28 साल निवासी ग्राम जगारा थाना बाजना जिला छतरपुर (म.प्र.) को दिनांक 15.03.2026 को छतरपुर से चौकी प्रभारी फुटेरा आनंद कुमार एवं स्टाफ द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में पर्व में 02 आरोपियों वीरेन्द्र सींग लोधी निवासी ग्राम शेखपुर थाना बिनायका एवं रामराज उर्फ रम्मू दांगी (ठाकुर) निवासी गोरा थाना बहेरिया जिला सागर (म.प्र.) की गिरफ्तारी हो चुकी है। जो वर्तमान में न्यायिक हिरासत में है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी सउनि आनंद कुमार, प्र.आर. विपेश चौबे, आर. राज राजपूत, सायबर सेल दमोह शामिल रहे।

# दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर अर्चना प्रजापति को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि दमोह जिले एवं मध्य प्रदेश की दिव्यांगों अनेक प्रकार की समस्याएं हो रही है जिसमें मुख्य मांग इस प्रकार है मध्य प्रदेश में दिव्यांगों की मात्र 600 रुपया प्रतिमाएं पेंशन के रूप में दी जाती है जबकि देश के अनेक प्रदेशों में बहुत अधिक पेंशन दिव्यांगों को दी जा रही है यहां भी मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि दिव्यांगों को 3000 मासिक पेंशन की जाए। 2. दिव्यांगों को जो नये दमोह में मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन हुए हैं उन्हें निरस्त कर वहीं पर जमीन आवंटन की



जाए एवं कुटीर स्वीकृत कर उन्हें विकलांगों को सुविधा अनुसार मकान बनाने की अनुमति दी जाए। 3 दिव्यांगों के ड्राइविंग लाइसेंस दमोह कलेक्टर के आदेश के बाद भी अभी तक नहीं बने है कुछ लोगों के बनाए गए हैं एवं दिव्यांगों को बस पास भी अभी तक आर.टी.ओ से जारी नहीं किए गए हैं वह भी जारी किए जाएं 4 दिव्यांगों की 1 वर्ष से ज्यादा बैटरी चलित ट्राई साइकिल का सुधार कर का परीक्षण हुआ था परंतु आज दिनांक तक ना ही सुधाकर किया गया ना ही बैटरी बदली गई 5. जो दिव्यांगों की भर्ती हुई है या पहले से शासकीय नौकरी में है उनका जिला कलेक्टर के माध्यम से कमेटी बनाई जाए जिसमें उनका विकलांगता का सत्यापन हो सके क्योंकि देखा गया है कि जो थोड़ी बहुत विकलांग है उन्हें नकली सर्टिफिकेट बनकर नौकरी मिल गई और असली विकलांग अभी भी रोड पर भीख मांग रहे हैं एवं शासकीय नौकरियों में दिव्यांगों का आरक्षण 10 प्रतिशत किया जाए। 6. दिव्यांगों को मध्य प्रदेश शासन में वार्ड मेंबर सरपंची बीडीसी चुनाव में 10 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। 7. ऐसे दिव्यांग एवं विधवा विवाह प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं हुई है किसी कारण वश एक वर्ष के पश्चात आवेदन नहीं कर पाए उनके आवेदन प्राप्त कर विवाह प्रोत्साहन राशि दिलाई जाए। 8. ऐसे दिव्यांग विधवा जिनकी पेंशन बंद कर दी गई है एवं जिन्हें पुनः जांच कर स्वीकृत की जा रही है उनकी पुरानी पेंशन 5/7 माह की नहीं दी जा रही। वह उन्हें दी जाए। 9. मध्य प्रदेश में दिव्यांग जनों को 35 किलो अनाज का अंत्योदय गरीबी रेखा राशन कार्ड बनाया जाए। 10. दिव्यांग जनों के समूह बनवाए जाएं या जो समूह पहले से बने है उन्हें स्वरोजगार के लिए लोन आवंटन किया जाए। ज्ञापन सौपने वालो में हेमेंद्र रजक अध्यक्ष कर्म निष्ठा विकलांग उत्थान एवं समाज कल्याण समिति, सचिव नरेश पटेल, उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा, संयुक्त सचिव हाकम सिंह लोधी, कोषाध्यक्ष जागेश लोधी, मुकेश अठ्या, हेमराज पटेल, मानक पटेल, हरिदास पटेल, कपिल मिश्रा, प्रभु अहीरवाल, रामलाल अहीरवाल, रूपचंद, मूलचंद, बसोर, कैलाश रैकवार, राजकुमार नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, हर्ष चौधरी, गोविंद सिंह, बृजेंद्र पटेल, संजय साहू, सुरेश तिवारी, नितेश बसोर, नाथूराम सेन, किशोरी पटेल, राजकुमार नामदेव, धर्मेंद्र पांडे, हरिदास पटेल, शोभाराम अहिरवार, हुकुम लाल सेन अनेक दिव्यांग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि दिव्यांगों की सभी समस्याओं का निराकरण करें। मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर से निवेदन है कि उक्त मांगों को जल्द से जल्द निराकरण करें निराकरण न होने की स्थिति पर नवरात्रि के पश्चात सभी दमोह जिले के दिव्यांग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे और उसमें अगर किसी को परेशानी होती है तो उसकी जवाब देही शासन प्रशासन की रहेगी।

## अमृत मित्र महिलाओं को मिला राष्ट्रीय स्तर का सम्मान

**दमोह।** नगर पालिका परिषद दमोह की पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहल हरा-भरा दमोह को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक विशेष राउंड टेबल वर्कशॉप में दमोह की दो अमृत मित्र महिलाएं शामिल हुई। इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन्हें सम्मनित किया। कार्यक्रम में शामिल होकर सम्मान पाने के बाद महिलाएं काफी भावुक, खुश और उत्साहित नजर आई। अमृत मित्र एवं स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष रश्मि चौबे ने कहा यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पूरे दमोह जिले का हैं। नगर पालिका परिषद् की इस उपलब्धि के पीछे मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी का मार्ग दर्शन और शहरी आजीविका मिशन की रानी सेन के निरंतर प्रयासों की अहम भूमिका रही। शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित स्व-सहायता समूह की इन महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए नामांकित किया गया था। दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने मध्यप्रदेश की लगभग 300 महिलाओं को सम्मानित किया। जिनमें दमोह की ये अमृत मित्र महिलाएं भी शामिल रहीं।

## आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरण करने वाला आरोपी 24 घंटे में पुलिस की गिरफ्त में

**दमोह।** आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरण करने वाला आरोपी 24 घंटे में गैसाबाद थाना पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 14/03/26 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जिसमे मृतक रोहित उर्फ कृष्णकांत राय निवासी ग्राम मुहरई, अपने गले मे पीले रंग की रस्सी का फंदा डाले हुये एवं रस्सी को पेड से बांधे हुये है। और गांव के घंसू अहिरवार द्वारा पैसे मांगने की बात कर रहा था बोल रहा था कि, घंसू उर्फ घनश्याम को 2 लाख दे चुका हूँ और घंशू अहिरवार 50,000 रुपये की और मांग कर रहा है और बोल रहा कि अगर तुमने पैसे नही दिये तो मैं तुम्हे 376 के झूठे मामले में फंसा दूँगा और फोन के कैमरा रिकार्डिंग एवं फोन मे कैलकुलेटर नाम के एप में सबूत रखे है जिसका पासवर्ड 0000 (चार बार जीरो) है, बोलने के बाद फांसी लगा लेने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं श्री मान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय तथा एसडीओपी हटा के मार्गदर्शन में गैसाबाद थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक के शव की पंचनामा कार्यवाही की गई एवं मर्ग क्रमांक 08/26 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबद्ध किया गया एवं मृतक के परिजनो से पूंछतांछ किये जाने पर आरोपी घन्सू उर्फ घनश्याम अहिरवार निवासी मुहरई के द्वारा मृतक रोहित उर्फ कृष्णकांत राय निवासी मुहरई को लगातार रुपयों के लिए प्रताड़ित कर करीबन 2 लाख रुपए ले लिए जाने एवं 50000/- रुपयो की और मांग किए जाने से मृतक रोहित उर्फ कृष्णकांत राय पिता सुंदरलाल राय निवासी मुहरई द्वारा दिनांक 14/03/26 को अपने गांव के तालाब किनारे लगे पेड़ पर चढ़ कर गले में रस्सी का फंदा डाल कर अपने दोस्त की वीडियो कॉल कर के अपनी व्यथा बताई एवं फांसी के फंदे पर झूल आत्महत्या किए जाने से आरोपी द्वारा धारा 108 बी एन एस का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी घंसू उर्फ घनश्याम अहिरवार के विरुद्ध अपराध धारा 108 बी एन एस का कायम किया गया तथा टीम बना कर आरोपी की तलाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी गैसाबाद उनि सौरभ शर्मा, सउनि गोदन पटैल, प्रआर तुलसीराम पटैल, प्रआर अरविन्द तिवारी, आरक्षक ऋषिराज चौहान, सोनू कुर्मी, संदीप कुर्मी और आरक्षक अकरम का विशेष योगदान रहा।

# चैत्र नवरात्र 19 से :- डोली पर सवार होकर आएंगी मां अंबे, शुभ संयोगों के बीच शुरू होगा नव संवत्सर 2083

### 9 दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को महानवमी पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा

शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र आगामी 19 मार्च से शुरू होगा। इसी दिन से सनातन नववर्ष यानी नव संवत्सर 2083 का भी आगाज होगा। चैत्र नवरात्रि को लेकर नगर के देवी मंदिरों से लेकर घर-घर में घटस्थापना और मां शक्ति की आराधना की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार मां अंबे का आगमन डोली में हो रहा है। जो सुख-समृद्धि का संकेत तो है, लेकिन साथ ही स्वास्थ्य और आर्थिक निवेश के मामलों में विशेष सावधानी बरतने का भी संदेश देता



है। पीतांबरा पीठ मंदिर के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा एवं चंडी जी मंदिर पुजारी पंडित नीरज गोस्वामी के अनुसार इस बार नवरात्र के पहले दिन दुर्लभ और शुभ संयोग बन रहे हैं। चैत्र प्रतिपदा के दिन शुक्ल योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और छत्र योग का त्रिवेणी संगम हो रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन शुभ योगों में की गई पूजा-पाठ और कलश स्थापना से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और दुखों का नाश होता है। 9 दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को महानवमी के अवसर पर होगा। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाएगी।

नूतन संवत्सर 2083: गुरु होंगे 'राजा' और मंगल 'मंत्री'- पं. सोनू मिश्रा के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। इस बार वर्ष का राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे। नए संवत्सर का नाम रौद्र होगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार गुरु के राजा होने से धार्मिक कार्यों में वृद्धि होगी। जबकि मंगल के मंत्री होने से साहसिक निर्णयों और भू-राजनीतिक गतिविधियों में तेजी देखी जा सकती है। नवरात्र के दौरान ही 21 मार्च को गौरी तृतीया (गणगौर तीज) का व्रत रखा जाएगा और रामनवमी पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

### मंदिरों में विशेष तैयारियां - 9 दिन रहेगी धूम

नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में मां चंडी जी मंदिर, मां पीतांबरा पीठ, शीतला माता मंदिर, गायत्री मंदिर में साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य किया जा रहा है। मंदिरों में सुबह से ही अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी और प्रतिदिन विशेष श्रृंगार, महाआरती व नवचंडी पाठ का आयोजन होगा। इस दौरान नगर के दुर्गा मंदिरों में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अखंड पाठ के आयोजन संपन्न होंगे। पंडित सोनू मिश्रा के द्वारा पीतांबरा पीठ पर विशेष रूप से पूजन संपन्न की जाती है। पीतांबरा की आराधना करने के साथ ही प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना संपन्न होती है।

**रमजान मुबारक का आखरी असरा इबादत एवं शब्बे दारी में गुजार रहे रोजेदार**

# हिन्दू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल बना रोजा इफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा

नगर में हिन्दू मुस्लिम भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जामा मस्जिद में 24 वे रोजे को ब्लाक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। वही 25 वे रोजे को पुष्पेंद्र हजारी के द्वारा रोजा इफ्तार कराया गया। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के लोगो के साथ साथ अन्य समुदाय के लोगो ने भी रोजा इफ्तार में हिस्सा लिया। इफ्तार के समय सभी लोग एक साथ बैठे और अल्लाह से दुआ के बाद रोजा खोला इस दौरान देश मे अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। रोजा इफ्तार कार्यक्रम विभिन्न समुदाय के बीच आपसी सद्भाव और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने अहम भूमिका निभाता हैं। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक योगेश सराफ दीपेश पटेरिया पुष्पेंद्र



हजारी चंकी पटेरिया ने बताया हटा शुरू से ही गंगा जमुना तहजीब और साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है। समाज मे एकजुटता और सद्भाव बना रहे इसलिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस मुबारक मौके पर सभी ने एक दूसरे को रमजान की मुबारक बाद दी। और समाज मे शांति भाईचारा बनाने का संदेश दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के साथ अन्य समुदाय के लोगो की मौजूदगी रही। जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज कारी व मुफ्ती इमरान रजा साहब ने बताया कि रमजान का महीना रहमत, बरकत, और मगफिरत का मुबारक महीना है। इस महीने का एक खास मकसद यह है कि हम परहेजगार बन जाएं। इस मुबारक महीने की कुछ ऐसी अहम जिम्मेदारियां हैं जिसे पूरा करना हर खास ओ आम मुसलमान का दीनी फर्ज है। रोजे की हालत में भूख व प्यास के एहसास के जरिया हमें अपने आस-पास के पड़ोस में रह रहे भाईयों की जरूरतों का भी ख्याल करना चाहिए। रोजा हमें यह तालीम देता है कि हम खुद ही लजीज खानों और शर्बतों से पेट न भरें बल्कि अपने गरीब मुफलिस, भूखे और खाली हाथ जरूरत मंदों की जरूरतों का भी ख्याल रखते हुए उनकी हरसंभव मदद करें। सब्र और परहेज के महीने का आखिरी असरा चल रहा है। इमाम साहब ने बताया कि ईद का त्योहार चांद दिखाई देने पर निर्भर करता है. यदि 29 रमजान को चांद नजर आता है तो शुक्रवार को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी. अगर चांद 30 रमजान को दिखाई देता है तो शनिवार को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। मुस्लिम समाज के लिए ईद- उल-फितर सबसे बड़े त्योहारों में से एक माना जाता है। पूरे महीने रोजा रखने के बाद ईद का दिन खुशी और आपसी भाईचारे का संदेश लेकर आता है। इसी कारण लोग पूरे रमजान में इबादत के साथ-साथ गरीबों और जरूरतमंदों की मदद भी करते हैं। इन दिनों में ईद के करीब आते ही बाजारों में भीड़ और बढ़ने की उम्मीद है।

## अनंतनाथ जी एवं श्री अरनाथ जी का मोक्ष कल्याणक कल

**दमोह।** कुण्डलपुर में भगवान श्री अनंतनाथ जी का ज्ञान तथा मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं भगवान श्री अरनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 18 मार्च को मनाया जाएगा। कुण्डलपुर दमोह।सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान श्री अनंतनाथ जी का ज्ञान व मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं 18 वें तीर्थंकर भगवान श्री अरनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 18मार्च 2026 को धूमधाम से मनाया जाएगा । इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश,पूजन, विधान होगा । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। श्रद्धालु भक्तों से अनुरोध है कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करें।


**नाम सुधार सूचना**

शपथकर्ता शीजल जैन उम्र 21 वर्ष आत्मज सुनील कुमार जैन निवासी सिविल वार्ड नं 9 दमोह जिला दमोह शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 711489576494, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य सभी दस्तावेजो में मेरा नाम शीजल जैन आत्मज सुनील कुमार जैन दर्ज है जो सही है। यह कि मेरी सीबीएसई की दसवीं की अंकसूची (माध्यमिक विद्यालय परीक्षा 2020 ) अनुक्रमांक 19118864 सहित अन्य शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम भूलवश शीजल जैन आत्मज सुनील जैन दर्ज हो गया है जबकि मेरे पिता का पूरा नाम सुनील कुमार जैन है। अतः भविष्य में मुझे मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में शीजल जैन आत्मज सुनील कुमार जैन के सही नाम से जाना पहचाना जाये। **शपथकर्ता :-**

**शीजल जैन पिता सुनील कुमार जैन सिविल वार्ड न 9, दमोह जि दमोह**